तापमान
अधिकतम 18.2 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
एनईएस कॉलेज में मना राष्ट्रीय गणित दिवस



## खबर संक्षेप

### डिप्टी कलेक्टर सुनी आमजन की समस्याएं



**जशपुरनगर।** डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएँ एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिप्टी कलेक्टर श्री द्विवेदी ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

### अब आसानी से स्कूल जा सकेगा दिव्यांग छात्र कुलदीप



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील और त्वरित निर्देश से ग्राम ढोलचुवा, तहसील कुनकुरी निवासी दिव्यांग छात्र कुलदीप राम के जीवन में एक नई उम्मीद जगी है। जन्म से ही दिव्यांग होने के कारण चल-फिर न पाने वाले आठवीं कक्षा के छात्र कुलदीप को अब शिक्षा के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कुलदीप राम, पिता चेतन विश्वकर्मा, के परिजन आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया पहुंचे और ट्राई सायकल की मांग रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय की तत्परता से तुरंत ट्राई सायकल उपलब्ध कराई गई, जिससे कुलदीप अब नियमित रूप से और आसानी से स्कूल जा सकेगा।ट्राई सायकल मिलने के बाद कुलदीप के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। परिजनों ने इस मानवीय सहयोग के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता केवल एक साधन नहीं, बल्कि कुलदीप के भविष्य को संवारने की दिशा में बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की यह पहल दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की संवेदनशील सोच और समावेशी विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहां हर बच्चे को शिक्षा और आत्मनिर्भरता का अवसर मिल सके।

### जागरूकता फैलाने किया गया विधिक शिविर का आयोजन

**जशपुरनगर।** सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर की अध्यक्षता में प्रस्तावित परिवार न्यायालय भवन परिसर जशपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन विगत दिवस संपन्न हुआ। उक्त विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम में माननीय सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र एवं माननीय राकेश बिहारी घोरे, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जशपुर के द्वारा विधिक जागरूकता, नशा मुक्ति, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, शिक्षा का अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में भानु प्रताप सिंह त्यागी, जिला एवं प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, बलराम कुमार देवांगन, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी जशपुर, सरोजनी जर्नादन खरे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जशपुर न्यायालय के अति. न्यायाधीश जशपुर, सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, श्वेता बघेल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र कुमार तेन्दुलकर, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1, कुनकुरी, क्रांति कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जशपुर, प्रज्ञा सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जशपुर, नेहा तिर्की, अतिरिक्त न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ श्रेणी जशपुर कु पूनम नशीने, अतिरिक्त न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ श्रेणी जशपुर, ओपी साय, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, सत्यप्रकाश तिवारी, सचिव, जिला अधिवक्ता संघ, जेपी सिन्हा, अधिवक्ता, सुदेश गुप्ता, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल जशपुर एवं जिला न्यायालय के समस्त अधिकारीगण एवं न्यायिक कर्मचारीगण, अधिवक्तागण तथा जशपुर जिले के समस्त पीएलवी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली समृद्धि योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक

# जशपुर में बनेगा भारत देश का मॉडल प्रोजेक्ट सिंचाई व्यवस्था का होगा आधुनिकीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में आज समृद्धि कमांड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन का आधुनिकीकरण (MCAD) परियोजना की बैठक आयोजित की गई।

■ इस योजना से 13 ग्रामों के कुल 4831 हेक्टेयर क्षेत्र को आधुनिक सिंचाई सुविधा से जोड़ा जाएगा

बैठक में जिले में शुरू होने वाली एमकैड के अंतर्गत प्रस्तावित बगिया बैराज सह दाबित उद्वहन सिंचाई योजना के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस परियोजना के माध्यम से 13 ग्रामों के कुल 4933 हेक्टेयर क्षेत्र को आधुनिक सिंचाई सुविधा से जोड़ा जाएगा। परियोजना के तहत पारंपरिक नहर प्रणाली के स्थान पर आधुनिक प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क विकसित किया जाएगा, जिससे जल उपयोग दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, समृद्धि के स्टेट नोडल ऑफिसर आलोक अग्रवाल प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय पाठक, यूनाइटेड नेशन के फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन से कृष्णन एवं श्री राजेश, कृषि, उद्यानिकी, जल संसाधन विभाग, कृषि महाविद्यालय के अधिकारी तथा सृजन और प्रदान संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर रोहित व्यास ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना में शामिल 13 ग्रामों के प्रत्येक किसान का नाम, रकबा, सिंचित एवं असिंचित भूमि का विस्तृत विवरण संकलित किया जाए। उन्होंने कहा कि समृद्धि चौपाल के माध्यम से किसानों को परियोजना के लाभों से अवगत कराया जाएगा तथा फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि सिंचाई परियोजना का अधिकतम और समुचित उपयोग सुनिश्चित हो सके। जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार ने ⏭ शेष पेज 4 पर



**होगा आधुनिक तकनीकों का उपयोग:** जल के नियंत्रित एवं वैज्ञानिक उपयोग के लिए सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजशिन तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन के कृष्णन ने तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस परियोजना के माध्यम से सिंचाई परिसंपत्तियों पाइप नेटवर्क संरचना एवं जल प्रबंधन के संचालन में किसानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। डेटा एवं विश्लेषण के आधार पर यह निर्धारित किया जाएगा कि कहां, कब और कितना पानी देना है। उन्होंने कहा कि कृषि और सिंचाई एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बेहतर सिंचाई व्यवस्था के साथ उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसानों को जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों से निपटने में सक्षम बनाया जा रहा है, जिससे दीर्घकालीन उत्पादकता, लाभप्रदता और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार सुनिश्चित होगा।

### बगिया दाबित सिंचाई प्रणाली के लिए 96 करोड़ स्वीकृत

एमकैड कार्यक्रम के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कांसाबेल विकासखंड के ग्राम बगिया एवं आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बगिया दाबित सिंचाई प्रणाली के लिए भारत सरकार द्वारा 95.89 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र के 13 ग्रामोंकृबगिया, उसकुटी, रजोती, सुजीबहार, चोंगरीबहार, बांसबहार, डोकडा, सिकरिया, पतराटोली, गहिराडोहर, बीहाबल, नरियरडांड एवं दुदुडांड के 8454 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इसमें से 4831 हेक्टेयर खरीफ एवं 3623 हेक्टेयर रबी फसलों के लिए सिंचित किया जाएगा। बगिया समृद्धि योजना का संचालन एवं संधारण जल उपभोक्ता समिति के माध्यम से किया जाएगा। परियोजना पूर्ण होने के पश्चात प्रारंभिक 5 वर्षों तक संचालन एवं संधारण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जाएगा, इसके बाद यह जिम्मेदारी जल उपभोक्ता समिति को सौंपी जाएगी। समिति में महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना, पानी की हर बूंद का समुचित उपयोग करते हुए कृषि उत्पादन में वृद्धि करना तथा किसानों की आय में स्थायी सुधार लाना है। परियोजना में विद्युत आपूर्ति सौर ऊर्जा के माध्यम से की जाएगी।



## सेमल लकड़ी से लदा ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



वन मण्डलाधिकारी शशि कुमार के निर्देशन में वन विभाग द्वारा अवैध वनोपज परिवहन के खिलाफ सख्त कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में वन विभाग द्वारा वाहन सीतापुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोंढ़ागांव ठेठेटांगर की ओर से पत्थलगांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालाझर की दिशा में जा रहे वाहन की तलाशी के दौरान सेमल प्रजाति के कुल 105 नग जप्त कर कार्यवाही की गई है।

वनमण्डलाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार सघन गश्त एवं निगरानी अभियान के तहत दरम्यानी 20 दिसम्बर 2025 को रात्रि लगभग 1 बजे एक आईशर ट्रक क्रमांक सीजी 4 पीएस 3426 को रोका गया। वाहन सीतापुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोंढ़ागांव ठेठेटांगर की ओर से पत्थलगांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालाझर की दिशा में जा रहा था। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें सेमल प्रजाति के कुल 105 नग लट्ठे बिना किसी वैध अनुमति पत्र अथवा परिवहन पास के लोड कर अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाए गए। वाहन चालक बसंत सिंह परिहा निवासी चकरभाठा, जिला बिलासपुर से पूछताछ करने पर उनके द्वारा वनोपज कटाई एवं परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार के वैध कागजात नहीं होना बताया गया। वन परिक्षेत्र पत्थलगांव के गश्ती दल द्वारा उक्त वाहन एवं उसमें लदी वनोपज को अवैध पाए जाने पर वन अधिनियम के अंतर्गत जब्त करते हुए वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जब्त वाहन सहित वनोपज को अग्रिम कार्रवाई हेतु वन परिक्षेत्र पत्थलगांव लाया गया है। प्रकरण की विवेचना वन परिक्षेत्राधिकारी पत्थलगांव द्वारा की जा रही है।

## दमेरा पर्यटन स्थल पर रौतिया युवा मोर्चा ने चलाया सफाई अभियान

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक, दमेरा की प्राकृतिक सुंदरता को संजोए रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 'रौतिया युवा मोर्चा छत्तीसगढ़' द्वारा एक भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

■ नागरिकों से की सफाई की अपील



इस कार्यक्रम में समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यटन स्थल के आसपास फैले कचरे को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान रौतिया समाज युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव हेमराज सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और पर्यटकों को संबोधित किया। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा, स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली होनी चाहिए। प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक कर्तव्य है कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें। जब हम अपने पर्यटन स्थलों को साफ रखेंगे, तभी हम आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ और सुंदर भविष्य दे पाएंगे।₹ उन्होंने सभी से स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में उतारने का संकल्प लेने को कहा। कार्यक्रम के समापन पर रौतिया ⏭ शेष पेज 4 पर

## सीएम ने कुनकुरी नगर को दी 107 करोड़ की सौगात

**जशपुरनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में जशपुर जिले के कुनकुरी नगर पंचायत क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास की नींव रखी गई है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुव्यवस्थित और समृद्ध नगर के निर्माण हेतु कुल 107 करोड़ 32 लाख रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनका सीधा लाभ नगरवासियों को मिल रहा है।

■ दो वर्षों के सुशासन में बदली कुनकुरी की तस्वीर, विकास की लिखी गई नई इबारत

इन योजनाओं से नगर की आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यटन, यातायात और नागरिक सुविधाओं में ऐतिहासिक सुधार हो रहा है।कुनकुरी नगर की प्रमुख विकास उपलब्धियां में इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 63 करोड़ 84 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है, जिससे युवाओं को अत्याधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विशाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपनी घोषणा पूरी करते हुए नगर पंचायत के 53 विकास कार्य के लिए 5 करोड़ रुपए की मंजूरी देकर उन्होंने जनता से किए वादे को पूरा किया।इस राशि से नगर के विभिन्न मोहल्लों, बस्तियों और वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को सशक्त करने के लिए 53 अलग-अलग विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिससे नागरिक सेवाओं में व्यापक सुधार होगा।हाल ही में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुनकुरी नगर को बड़ी सौगात मिली है, नेचुरोपैथी भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 62 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है,जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद एवं योग को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक नेचुरोपैथी भवन का निर्माण किया जाएगा। नगर के छठ घाट का समग्र विकास के लिए 5 करोड़ 17 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है, जिससे पर्यटन और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने हेतु छठ घाट का सौंदर्यीकरण एवं विकास किया जाएगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को गति मिलेगी।सीएम साय ने एक और घोषणा को पूरी करते हुए आधुनिक ऑडिटोरियम भवन निर्माण के लिए 6 करोड़ ⏭ शेष पेज 4 पर




## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिले में नाबालिग बालिकाओं से दुष्कर्म के मामलों में पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए दो अलग–अलग मामलों में फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दोनों ही मामलों में आरोपियों ने शादी का झांसा देकर नाबालिगों का दैहिक शोषण किया, जिससे पीड़िताएं गर्भवती हो गईं। पुलिस के अनुसार पहला मामला चौकी दोकड़ा और दूसरा थाना आस्ता क्षेत्र का है। चौकी दोकड़ा क्षेत्र की 16 वर्षीय छात्रा की तबीयत बिगड़ने पर इलाज के दौरान उसके गर्भवती होने का खुलासा हुआ। रायपुर के अस्पताल में 24 नवंबर 2025 को उसने एक बच्ची को जन्म दिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लक्ष्मण राम उम्र19 वर्ष, जो उसी स्कूल में पढ़ता था, ने शादी का झांसा देकर अलग–अलग समय पर दैहिक शोषण किया। घटना के बाद से फरार आरोपी की लोकेशन तकनीकी साक्ष्यों से पुणे में मिली। एसएसपी के निर्देश पर गठित टीम ने बडगांव मावल क्षेत्र से आरोपी को हिरासत में लेकर जशपुर लाया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।थाना आस्ता क्षेत्र की 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के गर्भवती होने की पुष्टि इलाज के दौरान हुई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी संजीत टोप्पो उम्र 19 वर्ष से उसकी पहचान मार्च 2025 में हुई थी। आरोपी ने प्रेम व शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। मामले में शून्य पर अपराध दर्ज कर विवेचना आस्ता थाने को सौंपी गई। फरार आरोपी को पुलिस ने मनोरा क्षेत्र में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।



## ग्राम रोजगार सहायकों ने एनएच आंदोलन की चेतावनी



**बगीचा।** छत्तीसगढ़ ग्राम रोजगार सहायक संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शासन के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया है। संघ ने एकदिवसीय धरना- प्रदर्शन, रैली एवं आवश्यकता पड़ने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है। यह फैसला 25 नवंबर 2025 को रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। संघ का कहना है कि ग्राम रोजगार सहायक विगत 19 वर्षों से मनरेगा योजना सहित शासन द्वारा आदेशित ग्राम स्तर के सभी कार्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करते आ रहे हैं। इसके बावजूद उनकी मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। संघ द्वारा कई बार शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

### भर्ती प्रक्रिया को लेकर नाराजगी

संघ का आरोप है कि सचिव भर्ती में अनुभव के आधार पर मिलने वाले 30 अंकों को घटाकर मात्र 5 अंक कर दिया गया है, जिससे ग्राम रोजगार सहायकों के लिए सचिव बनने का रास्ता लगभग बंद हो गया है। संघ ने यह भी कहा कि जब-जब पंचायत सचिव हड़ताल पर जाते हैं, तब ग्राम पंचायत की संपूर्ण जिम्मेदारी ग्राम रोजगार सहायकों को सौंपी जाती है और वे शासन के सभी कार्यों का सफल संचालन करते हैं।

### भर्ती एवं प्राथमिकता के समय उपेक्षा

संघ के अनुसार, कुछ जिलों में सचिव भर्ती के विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं और ग्राम रोजगार सहायक पद को संविदा श्रेणी से हटाकर मानदेय श्रेणी में रखा गया है, जो लगभग 8500 परिवारों के साथ अन्याय है। इससे प्रदेशभर के ग्राम रोजगार सहायकों में आक्रोश व्याप्त है।

## मनरेगा के नाम परिवर्तन व नेशनल हेराल्ड मामले पर कांग्रेस का विरोध




**जशपुरनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने तथा नेशनल हेराल्ड प्रकरण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यालय का घेराव करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने मौके पर बैरिकेड लगाकर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा, लेकिन पुलिस प्रशासन की सतर्कता और समझाइश के बाद स्थिति नियंत्रण में रही। इसके पश्चात कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार के फैसलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन को प्रदेश महामंत्री आरती सिंह, प्रदेश सचिव रत्ना पैंकरा, जिला अध्यक्ष यूडी मिंज फुलकेरिया भगत, पूर्व विधायक विनय भगत, पूर्व ⏭ शेष पेज 4 पर

## कोतबा के तिलगोड़ा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

# संतों के संगत से ही मानव जीवन का उद्धार संभव: राधेप्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धर्मनगरी कोतबा के तिलगोड़ा प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तृतीय दिवस पर कथा व्यास सुश्री राधेप्रिया (वृन्दावन धाम) ने श्रद्धालुओं को सत्संग और भक्ति की महिमा समझाई। उन्होंने कहा कि जीवन में संगति का गहरा असर होता है, इसलिए ईश्वर के भक्तों को सदैव साधु-संतों के सानिध्य में रहना चाहिए। संतों की संगत से ही मानव जीवन का उद्धार संभव है। कथा वाचिका ने माता कर्मा बाई का उदाहरण देते हुए कहा कि वे एक महान संत थीं। उनकी भक्ति इतनी प्रबल थी कि भगवान को उनका भोग ग्रहण करने के लिए स्वयं पधारना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि हम सच्चे मन से ईश्वर के चरणों को पकड़ लें, तो हमारा कल्याण निश्चित है। भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति इस भवसागर से पार उतर जाता है।

■ भक्त प्रहलाद और नृसिंह अवतार के प्रसंग पर झूम उठे श्रद्धालु





**बच्चों को संस्कार देने का आह्वान:** सुश्री राधेप्रिया ने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार दें। संस्कारवान बच्चे ही बुढ़ापे में माता-पिता का सहारा बनते हैं और धर्म, गौ-सेवा व साधु-सेवा की ओर अग्रसर होते हैं। कथा के दौरान भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों पर उपस्थित श्रोता भाव-विभोर होकर थिरकने लगे। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महाआरती की गई और प्रसाद वितरण के साथ दिवस की कथा को विश्राम दिया गया।

### भक्त प्रहलाद और नृसिंह अवतार

व्यास ने भक्त प्रहलाद चरित्र और गजेंद्र मोक्ष के प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यदि पिता कुमार्ग पर चले, तो पुत्र का कर्तव्य है कि वह उसे सही मार्ग पर लाए, न कि स्वयं धर्म का त्याग करे। तमाम विपरीत परिस्थितियों और पिता हिरण्यकश्यप के अत्याचारों के बावजूद प्रहलाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। जब होलिका दहन के दौरान अग्नि का भयानक प्रकोप था, तब भी प्रहलाद "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नमः" का जाप करते रहे और सुरक्षित बच गए। अंततः भगवान ने नृसिंह रूप धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया और अपने भक्त की रक्षा की।

## राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी को लेकर कलेक्टर एसएसपी ने आगडीह का किया निरीक्षण



**जशपुरनगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 30 दिसंबर को झारखंड राज्य के गुमला जिले के रायडीह प्रखंड स्थित मांझाटोली में आयोजित होने वाले अंतर्राज्यीय जन सांस्कृतिक समागम समारोह सह कार्तिक जतरा कार्यक्रम में शामिल होंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का जशपुर जिले के आगडीह हवाई अड्डे पर आगमन होगा, जहाँ से वे सड़क मार्ग द्वारा कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति के प्रस्तावित आगमन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने आज आगडीह हवाई अड्डे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने राष्ट्रीय राजमार्गों की समुचित व्यवस्था, साफ-सफाई, रोड मार्किंग, पार्किंग व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएँ, सेफ हाउस की व्यवस्था तथा मार्ग के दोनों ओर अनावश्यक झाड़ियों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### सेंट जॉन्स उमावि के प्राचार्य पीटर को मिली पीएचडी की उपाधि



**अम्बिकापुर।** पीटर खेस को डॉक्टर सीवी रमन विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध कार्य अमेरिकन कल्चर एट द क्रॉस रोड विषय पर केंद्रित था। पीटर ने अपना यह शोध कार्य बिलासपुर स्थित सीवी रमन विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। पीटर खेस वर्तमान में शहर के नवापारा स्थित सेंट जॉन्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। संस्था के प्राचार्य को मिली इस उपाधि पर अधीनस्थ कर्मचारी व विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए उनका सम्मान भी किया।

### एसईसीएल के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया रक्तदान



**मानीचौक।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के केतकी में एसएमएसएल कंपनी के संस्थापक चेयरमैन स्व. शक्ति कुमार मदनलाल संचेती के जन्मदिवस के अवसर पर केतकी कोल माइंस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें केतकी कोयला खदान में कार्यरत कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों ने कुल 34 यूनिट ब्लड डोनेट कर असहाय, गरीब एवं जरूरत मंद मरीजों का सहयोग किया है। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के केतकी में कार्यरत कंपनी एसएमएस एल के जीएम के अगुवाई में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केतकी माइंस के जीएम व जिला अस्पताल के चिकित्सकों के साथ रक्त दाताओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। इस दौरान जिला अस्पताल से डॉ. राजेश पैकरा सहित चिकित्सकों की टीम के साथ मौजूद रहे। लगभग 55 लोगों से ब्लड सैंपल लिए और 34 लोगों ने डोनेट किया। बाकी लोगों का ब्लड शुगर व अन्य कई कारण से उनका ब्लड नहीं लिया गया।

### छात्रों में स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर दिया गया सीबीएसई प्रशिक्षण



**सूरजपुर।** सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुसार छात्रों में स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर एक क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीबीएसई के निर्धारित मानकों के अनुसार 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राकेश कुट्टन, प्राचार्य, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, केवारी लखनपुर तथा भूपेन्द्र कुमार चंद्राकर, पीजीटी डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, छरछेड़ कसडोल ने अपनी विशेषज्ञता साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारियां प्रदान कीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में साधु राम विद्या मंदिर के शिक्षकों के साथ-साथ राइजिंग सहोदय स्कूल्स कॉम्प्लेक्स से संबद्ध विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन साधु राम विद्या मंदिर के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. राहुल अग्रवाल एवं एसएमसी अध्यक्ष सुनील अग्रवाल का भी विशेष सहयोग रहा।

### जिले की तीनो विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन प्रारंभ

**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 20,21,22 दिसम्बर को जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया है। रामानुजनगर के मंगल भवन सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले की प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आगामी 20 दिसम्बर को रामानुजनगर के मंगल भवन में दोपहर 12 बजे से प्रेम नगर के विधायक भूलन सिंह, जिला संगठन प्रभारी शिवनाथ यादव,कोरिया जिला के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में बैठक प्रभारी रामानन्द जायसवाल की उपस्थिति में हुई। इसी तरह प्रतापपुर विधान सभा की बैठक 21 दिसम्बर को प्रतापपुर में विधायक शकुंतला पोर्ते, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगी। जिसमें बैठक प्रभारी ललित गोयल है। इसके अलावा भटगाव विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक भटगांव में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, सांसद चिंतामणि महाराज, अनिल सिंह मेजर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई है। बैठक प्रभारी राजेश महालवाला है। तीनों विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से बैठक में शामिल होने कहा है।

### कनकपुर गांव में किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम कनकपुर में अज्ञात कारणों से किशोर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कनकपुर निवासी 17 वर्षीय उमेश्वर अगरिया पिता मंगल अगरिया शनिवार की शाम 6 बजे अपने घर से रिश्तेदार रामलखन व दोस्त प्रकाश के साथ गांव से घूमकर आने की बात कहकर निकला था,जो रात तक वापस नहीं लौटा,रविवार की सुबह जब किशोर की मां मवेशियों को पैरा देने खलिहान की तरफ़ गई ,तब किशोर का शव ईंट की पिलर पर खड़े बांस पर रस्सी में फांसी पर लटका हुआ देखा,सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कंपनी अपने रिस्क पर कर रही संचालन

# शहर में संचालित 5 में से 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट का अनुबंध समाप्त, मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगरीय निकाय क्षेत्र में मोहल्ला स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई एमएमयू सुविधा का बुरा हाल है। शहर में चलने वाली पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट में से चार का अनुबंध समाप्त हो गया है। अनुबंध समाप्त होने के बाद अब तक नए सिरे से टेंडर की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकी है हालांकि प्राइवेट कंपनी बिना किसी अनुबंध के ही एमएमयू का संचालन कर रही है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि अनुबंध समाप्त होने के बाद दी गई सेवाओं का भुगतान कैसे होगा। ननि ने भी इस अवधि के भुगतान को लेकर पहले ही अपने हाथ खड़े कर दिए है ऐसे में शहर में इस योजना के ज्यादा दिनों तक चलने की उम्मीद नहीं है।

**खास बात**
- ननि ने भुगतान को लेकर खड़े किए अपने हाथ

बता दें कि प्रदेश में लोगों को मोहल्ला स्तर पर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत पूर्व की प्रदेश सरकार द्वारा की गई थी। प्रदेश सरकार ने 18 मई 2020 को मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत एमएमयू की शुरुआत की और इस योजना का क्रियान्वयन जिले में सरगुजा अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के माध्यम से किया जा रहा है। इस सोसायटी के अध्यक्ष सरगुजा कलेक्टर है। योजना के तहत 12 नवंबर 2020 को मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना में मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन शुरू किया गया। माह नवम्बर 2020 में 1 मोबाईल मेडिकल यूनिट एवं माह दिसम्बर से 3 अन्य मोबाईल मेडिकल यूनिट कुल 4 मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन पहले चरण में शुरू किया गया था। इसके साथ ही ननि अंबिकापुर, नगर पंचायत लखनपुर और सीतापुर में भी एक-एक मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रदान किए गए थे। इनमें से 1 यूनिट सिर्फ महिलाओं के लिए आरक्षित हैं और अन्य 4 यूनिट सामान्य रूप से इलाज कर रही थी। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से क्षेत्र की जनता को वार्ड वार्ड में एमएमयू के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श, जांच व दवाओं के वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन वर्तमान में ननि क्षेत्र में शुरू किए गए 5 एमएमयू में से चार एमएमयू का अनुबंध समाप्त हो गया है जबकि बाद में शुरू हुए एमएमयू के अनुबंध भी आने वाले दिनों में समाप्त होने की कगार पर है। हैरानी की बात तो यह है कि सरगुजा कलेक्टर, ननि के साथ ही शासन द्वारा एमएमयू के संचालन को सुचारू बनाए रखने के लिए अनुबंध करने की पहल नहीं की गई।



मेडिकल यूनिट।

### मिलती है ये सुविधाएं

मोबाइल मेडिकल यूनिट की बात की जाए तो इसका संचालन नगर निगम द्वारा किया जाता है। प्रत्येक एमएमयू में 1 डॉक्टर, 1 लैब टेक्नीशियन, 1 फार्मासिस्ट, 1 एएनएम एवं 1 वाहन चालक की टीम मौजूद रहती है। सप्ताह में 1 दिवस वाहन के मेंटेनेन्स, दवाईयों की आपूर्ति एवं अन्य कमियों की आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए 1 दिवस साप्ताहिक अवकाश हर मंगलवार को रखा जाता है। मोबाईल मेडिकल यूनिट में 285 प्रकार की दवाइयां रखे जाने के निर्देश हैं जिसमें से 240 प्रकार की दवाएं उपलब्ध है। मोबाईल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार के लैब टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है जिसमें 29 प्रकार के लैब टेस्ट मोबाईल मेडिकल यूनिट में आन्तरिक रूप से की जाती है तथा 12 तरह के लैब टेस्ट सर्विस प्रोवाईडर द्वारा बाहर से कराकर उपलब्ध कराया जाता है। एमएमयू को वार्डों के साथ ही साप्ताहिक बाजारों में तैनात किया जाता है।

### अपने रिस्क पर चला रही कंपनी

बताया जा रहा है कि अनुबंध समाप्त होने के बाद नगर निगम ने भुगतान को लेकर अपने हाथ खड़े कर दिए है जिसके बाद कंपनी ने एमएमयू को बंद कर दिया था। 15 दिनों तक वाहनों को खड़े करने के बाद अब फिर से कंपनी अपने रिस्क पर इस उम्मीद में योजना को चला रही है कि भविष्य में शासन फिर से अनुबंध जारी कर देगा। इसके साथ ही कंपनी के पास उपलब्ध दवाएं और जांच के री-एजेंट भी रखे रखे एक्सपायर हो जाएंगे इससे बेहतर है कि इनका उपयोग किया जाए लेकिन बड़ा सवाल यह है कि बिना अनुबंध और भुगतान के कंपनी कब तक अपनी सेवा जारी रख सकेगी।

### जिम्मेदारी से बच रही सरकार

प्रदेश में भाजपा सरकार स्वास्थ्य ही नहीं बिजली, बिल का बोझ, राशन में कटौती करके आम जनता पर बोझ बढ़ाने का काम कर रही है। कांग्रेस ने जो 7 मोबाइल मेडिकल यूनिट चालू किया उनमें से सिर्फ 3 यूनिट ही चालू हैं। भाजपा आम जनता को पूरी तरह से दरकिनार करके जिम्मेदारी से बच रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं में हम लोगों ने हमर क्लीनिक खोले थे जिसमें उनमें दवाइयां नहीं हैं जांच नहीं हो रही है।

**-शफी अहमद**, नेता प्रतिपक्ष ननि

### शासन स्तर पर होना है निर्णय

शहर में संचालित चार एमएमयू का अनुबंध समाप्त हो गया है। कंपनी अपने रिस्क पर इसका संचालन कर रही है। अनुबंध समाप्त होने के बाद भुगतान नहीं किया जा सकता है। अनुबंध की प्रक्रिया शासन स्तर पर की जाएगी। संचालन को लेकर शासन को ही निर्णय लेना है।

**-डीएन कश्यप**, आयुक्त ननि

## दो लाख कीमत के नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ाया युवक, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने कोरिया जिले के नशीले इंजेक्शन सप्लायर को न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि उसे पास से दो लाख की मत के 2 सौ नगर नशीले इंजेक्शन जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता संभाग की टीम कि नशीले इंजेक्शन के सौदागरों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से मिला कि जिला कोरिया के थाना पटना अंतर्गत सांवारांवा निवासी दिलीप सोनवानी अपने घर में भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री करता है। सूचना पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दिलीप के घर दबिश दी, दिलीप सोनवानी घर पर मौजूद था उसके घर की तलाशी लेने पर शयनकक्ष से एक प्लास्टिक बोरी से दो लाख कीमत के 2 सौ नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने नशीले इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय बैकुंठपुर में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक अंजू एक्का सक्रिय रही।




## बुर्का पहनकर चोरी करने घुसा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के जगदम्बा आभूषण भंडार में चोरी के प्रयास के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल है। बुर्का पहनकर चोरी करने पहुंचे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त वेल्डिंग मशीन, कटर, वायर समेत अन्य सामान बरामद किया है।

- वेल्डिंग मशीन-रॉड, कटर समेत अन्य सामान बरामद

बता दें कि शहर के जगदम्बा आभूषण भंडार में 13 दिसम्बर की रात चोरी का प्रयास किया गया। बुर्का पहनकर रात 11 बजे पहुंचा चोर सीसीटीवी कैमरा व बिजली कनेक्शन का तार काट चुका था लेकिन अलग बगल की आवाज से चोर भाग निकला। चोरी के प्रयास की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। इस घटना की शिकायत दुकान संचालक मायापुर निवासी राज सोनी आ. कृष्ण प्रसाद सोनी ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान ब्रम्ह रोड शीतला वार्ड निवासी 31 वर्षीय आकाश अग्रवाल उर्फ कल्लू आ. रोशन लाल अग्रवाल के रूप में की। पुलिस ने जब आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त वेल्डिंग मशीन, प्लायर वायर कटर, वेल्डिंग रॉड, टार्च, वायर एक्सटेंशन इत्यादि जब्त किया है। आरोपी दुकान में चोरी के लिए पूरी तैयारी के साथ पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा (4) 305(ए) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी शशिकांत सिन्हा, सउनि अजीत कुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, जितेश साहू, रमेश राजवाड़े, अमित विश्वकर्मा, नितिन सिन्हा सक्रिय रहे।




### इंटर एरिया नारी शक्ति खेल महोत्सव में बिश्रामपुर के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** हसदेव क्षेत्र में आयोजित एसईसीएल इंटर एरिया नारी शक्ति खेल महोत्सव में बिश्रामपुर क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन पुरस्कार अपने नाम किए हैं,दो दिवसीय आयोजित इंटर एरिया प्रतियोगिता का समापन रविवार 21 दिसंबर को हुआ,समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रद्धा महिला मंडल अध्यक्षा शशि दुहन,सीएमडी हरीश दुहन सहित कंपनी के सभी डायरेक्टर सीवीओ सपरिवार उपस्थित थे,आयोजित प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम टेबल टेनिस में विजेता रही जिसमें टेबल टेनिस खिलाड़ी सेंट्रल हॉस्पिटल में कार्यरत इंदु को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया,साथ ही पीक एंड रन रेस में रीजनल वर्क शॉप की महिला कर्मी विमला सिंह को विजेता का खिताब हासिल हुआ,50 मीटर के रिले रेस में पैतालीस वर्ग आयु वर्ग में बिश्रामपुर की टीम उपविजेता रही,इसके खिलाड़ी सुनीता दास,बिपतीयारो बाई,फूलकुमारी,मीना कुमारी को उपविजेता का खिताब प्रदान किया गया,बिश्रामपुर क्षेत्र के टीम मैनेजर राजेंद्र गुप्ता,सहायक संजय भाई लाल इस दौरान टीम के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया,क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने विजेता उपविजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर अपने शुभकामनाएं दी,बता दें कि केंद्र सरकार के निर्देश पर महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से अब कोल इंडिया में कार्यरत पुरुषों के बाद अब महिला कर्मचारियों के लिए अलग से नारी शक्ति खेल स्पर्धा का आयोजन इस वर्ष से आरंभ किया गया है,नारी शक्ति खेल स्पर्धा में बड़ी संख्या में महिला कर्मी भाग ले रही हैं साथ ही अलग अलग खेलो में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं।

## दंतैल के हमले में ग्रामीण घायल, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा उपचार



**अम्बिकापुर।** बीती रात वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम भगवानपुर में अकेले घूम रहे दंतैल ने एक ग्रामीण पर हमला बोल दिया। दंतैल के हमले में ग्रामीण को गंभीर चोटें आई हैं तथा उसका एक हाथ टूट गया है। घायल ग्रामीण का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर में कुछ दिनों से एक दंतैल अकेले भ्रमण कर रहा है। बीती रात दंतैल रात्रि 12.30 बजे वाड्रफनगर बीट अंतर्गत ग्राम भगवानपुर बस्ती में पहुंच गया एवं सब्जी की फसलों को नुकसान करने लगा। इस दौरान फसलों को नोचने का शोर सुनकर राम लखन आ.रामपत गोड़ की नींद खुली तो वह घर के बाहर निकला। राम लखन ने दंतैल को पड़ोसी के दरवाजे पर लगी सेम की फसल उखाड़ते देखा तो दंतैल को खदेड़ने के उद्देश्य से पैरा में आग लगाने की कोशिश करने लगा। दंतैल ने रामलखन को देखते ही दौड़ते हुए उस पर हमला कर दिया। हमले में राम लखन गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत रही कि राम लखन के जमीन पर गिरने के बाद दंतैल वहां से चला गया अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकती थी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी तत्काल अपनी वाहन से गंभीर रूप से घायल राम लखन को सिविल अस्पताल ले गए जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। राम लखन का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। उप वन मण्डलाधिकारी प्रेमचंद मिश्रा ने बताया कि घायल के परिजन को 5 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है। उपचार से उसके स्वास्थ्य में सुधार है।

## नगर पंचायत में 57 नई दुकानों के निर्माण का किया भूमिपूजन



**लखनपुर।** नगर पंचायत लखनपुर में रविवार को कुल 57 नवीन दुकानों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस विकास निर्माण कार्य की अनुमानित लागत लगभग 90 लाख रुपये है। मुख्य अतिथियों के रूप में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज तथा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू ने संयुक्त रूप से भूमिपूजन किया।

पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न कराया गया। निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 8 पुराना जनपद पंचायत कार्यालय के सामने 20 दुकानों का निर्माण लागत 44.17 लाख रुपये, वार्ड क्रमांक 9 बस स्टैंड के पास 27 दुकानों के ऊपर दुकान एवं गोदाम निर्माण लागत 27.62 लाख रुपये एवं 10 दुकानों के ऊपर दुकान निर्माण लागत 18.26 लाख रुपये से किया जाएगा। इस दौरान राजेंद्र जायसवाल, दिनेश बारी, समीम खान, रमेश जायसवाल, अमित बारी, बघोलन राम, ईश्वर राजवाड़े, सुरेंद्र साहू, बृजेंद्र पांडेय, सुभाष अग्रवाल, सचिन बसंल, महेश्वर राजवाड़े, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विधासागर चौधरी, उप अभियंता प्रदीप कुमार एक्का के अलावा रमेश ठाकुर, देवविष्णु साहू, विनेश राम खलखो उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों की जांच के दौरान मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर




शनिवार को बिश्रामपुर क्षेत्र के विद्यालयों हेतु संचालित स्कूल बसों का परिवहन विभाग द्वारा आकस्मिक जांच किया गया,निरीक्षण में कुछ बसों में कमियां पाई गई,जिन पर विभाग द्वारा नियमानुसार अनुसार कार्यवाही करते हुए 20 हजार रुपये शुल्क वसूल किया गया,चालानी कार्यवाही किए गए बसों में दो एसईसीएल के पाए गए,जिसके लिए एसईसीएल के अनुबंधित स्कूली गाड़ियों की जानकारी हेतु डिप्टी मैनेजर एसईसीएल से संपर्क किया गया है,कार्यवाही करते हुए जिला परिवहन अधिकारी द्वारा बस संचालक एवं चालकों को समझाइश दी गई कि आने वाले एक सप्ताह के भीतर निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं पाए गए बसों को संबंधित तय मानक के अनुरूप सुधार करवाने पश्चात ही संचालित करने की अनुमति दी जाएगी ,इसके बाद भी तय मानक व नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालक और वाहनों की अगले बार से जब्ती एवं परमिट निरस्तीकरण जैसी कठोर कार्यवाही किये जाने की बात विभाग ने कही है।

- वसूला गया बीस हज़ार रुपये शुल्क

## बिश्रामपुर स्टेशन पर अंबिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस के ठहराव के लिए सरगुजा सांसद को सौंपा ज्ञापन



**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर–हजरत निजामुद्दीन नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 22407/22408 के बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन में स्टापेज की मांग पूरे क्षेत्र की आवाज बन चुकी है,भाजपा मंडल शिवनंदनपुर के अध्यक्ष हरीश राजवाड़े और जिला भाजपा उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया ने रविवार को सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज को ज्ञापन सौंपा है,आवेदन में बताया गया है कि सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से नई दिल्ली के लिए चलने वाली यह एकमात्र सुपरफास्ट ट्रेन अम्बिकापुर से चलकर सीधे सूरजपुर रोड रेलवे स्टेशन में ठहरती है,जबकि उसके बीच स्थित बिश्रामपुर जैसे बड़े,घनी आबादी वाले और औद्योगिक शहर को बिना ठहराव पार कर जाती है,इसके बाद ट्रेन बैकुंठपुर-चरचा, मध्यप्रदेश के बिजुरी और अनुपपुर जैसे स्टेशनों पर रुकती है, लेकिन सरगुजा के हृदय कहे जाने वाले बिश्रामपुर को नजरअंदाज कर दिया जाता है,आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि बिश्रामपुर क्षेत्र केवल एक शहर नहीं, बल्कि एसईसीएल की कालोनियों का केंद्र है, जिसे लोग मिनी इंडिया कहते हैं,यहां देश के कोने-कोने से आए कर्मचारी, इंजीनियर, अधिकारी और श्रमिक अपने परिवारों के साथ रहते हैं,ऐसे बहुसांस्कृतिक और घनी आबादी वाले क्षेत्र में दिल्ली जाने वाली ट्रेन का ठहराव न होना, लोगों को आज भी समझ से परे लगता है,भाजपा नेताओं ने बताया कि बिश्रामपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों को मिलाकर 22 लाख से अधिक की आबादी इस रेलवे स्टेशन पर निर्भर है,इनमें से 2 लाख से ज्यादा लोग ऐसे हैं, जिन्हें काम, पढ़ाई, इलाज और व्यापार के सिलसिले में नियमित रूप से दिल्ली और उत्तर भारत के बड़े शहरों की यात्रा करनी पड़ती है। निजामुद्दीन ट्रेन का ठहराव न होने के कारण उन्हें अम्बिकापुर या सूरजपुर रोड जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है, जिससे समय, पैसा और ऊर्जा तीनों की बर्बादी होती है, बिश्रामपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के छात्र जो प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली जाते हैं, कामकाजी युवा जो निजी व सरकारी नौकरियों के लिए बाहर जाते हैं और व्यापारी जिनका कारोबार दिल्ली से जुड़ा है सभी इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं,आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन में इस सुपरफास्ट ट्रेन का केवल 2 मिनट का ठहराव दे दिया जाए, तो यह निर्णय सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा, इससे यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी, स्टेशन का महत्व बढ़ेगा और क्षेत्र के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी।

### शौच करने गए वृद्ध पर भालू ने किया हमला, गंभीर

**मानीचौक।** सुबह शौच करने जा रहे वृद्ध को भालू ने हमला कर घायल कर दिया। वृद्ध को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गेतरा निवासी अमेश्वर सिंह आ. मनी राम (60 वर्ष) सुबह लगभग 6 बजे शौच करने जाने के लिए घर से बाहर निकला था। सुबह घना कोहरा छाए रहने से दिखाई नहीं पड़ा और ग्रामीण सीधे भालू पास पहुंच गया। इसी बीच भालू ने हमला कर दिया तो वृद्ध शोर मचाने लगा। वृद्ध की आवाज सुन कर परिजन बाहर निकले और भालू को भगाया तब तक पीड़ित के पैर को भालू ने जख्मी कर चुका था। घायल को एसईसीएल एंबुलेंस सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर इलाज जारी है। रेंजर डी नेताम ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर डिप्टी रेंजर को भेजा हूं। आहत को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी अस्पताल पहुंच पीड़ित को लगी जख्म का मुआयना करेंगे और जो भी दवाइयां हॉस्पिटल के बाहर से खरीदी करेंगे उसकी भुगतान वन विकास निगम द्वारा किया जाएगा।

### शिव चर्चा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रामानुजगंज।** साप्ताहिक शिव चर्चा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शनिवार को होने वाले शिव चर्चा में दूर-दूर से श्रद्धालु शामिल होने आते है। शनिवार विशेष रूप से ठंड को देखते हुए कुछ गुरु भाई, गुरु बहन को कमल वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से शिव शिष्य पंचम कुशवाहा, मनोज कुमार यादव,कृष्ण प्रसाद सिंह, विनोद, करण, चंदन, बहन अमृता,चंपा,प्रियंका,ललिता, किरण, आरती, ममता, प्रियंका, बिंदु, शारदा, सुनीता के अलावा रामचंद्रपुर, रामानुज, बलरामपुर, कुसमी क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



## खबर संक्षेप



### पठियापाली में टेनिस बॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मड़वारानी।** करतला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठियापाली (भांठापारा) में जूनियर क्लब टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मैच के उद्घाटन के अवसर पर करतला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोका कंवर उपस्थित रही जिन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ श्रीफल तोड़कर एवं फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जनपद अध्यक्ष ने टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। इस दौरान ग्राम पंचायत पठियापाली के सरपंच श्रीमती त्रिवेणी गेंदराम कंवर एवं अन्य जनतिनिधिगण उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोका कंवर ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए खेल भावना के साथ खिलाड़ी के कर्तव्यों का पालन करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित खेलकूद पर ध्यान देना चाहिए वहीं ग्रामीणों के लिए अच्छा मनोरंजन का साधन भी है।

### विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**कोरबा।** विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में विद्यालय का चतुर्थ वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा रहीं। समारोह का शुभारंभ उनके द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत एवं नृत्य ने दर्शकों में जोश और उत्साह भर दिया। समारोह के दौरान शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को मुख्य अतिथि श्रीमती सोनी विकास झा एवं अन्य अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झा ने विद्यालय के अनुशासन, शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### श्रीगुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

**कोरबा।** श्रीगुरु हरकिशन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक महाकुंभ में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्रपति शिवाजी और संभाजी पर आधारित ऐतिहासिक नाटक रहा, जिसने दर्शकों में जोश भर दिया। वहीं देवों के देव महादेव की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। विद्यार्थियों ने पंजाबी, राजस्थानी, कश्मीरी और छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों के माध्यम से मिनी इंडिया की तस्वीर पेश की, जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की। रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में छोटे बच्चों द्वारा दी गई रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और हास्य कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया।

### शिक्षक फेडरेशन में हुए शामिल सर्व शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सैकड़ों सदस्य

कोरबा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष रवींद्र कुमार राठौर के कुशल मार्गदर्शन में प्रांतीय महासचिव तरुण वैष्णव एवं प्रदेश महामंत्री नोहर चन्द्रा के निर्देशन पर जिला अध्यक्ष विनोद सांडे के नेतृत्व में विपिन यादव ने अपनी पूरी टीम के साथ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की सदस्यता ग्रहण की। इनके फेडरेशन में शामिल होने से सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कोरबा पहले से और ज्यादा मजबूती के साथ कार्य करेगा।

# वन नेशन वन एजुकेशन अंतर्गत शिक्षकों ने सीखा नवाचार

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ पांच दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अलग खबर

सेजस मदनपुर रजकम्मा हाई स्कूल में एफएलएन अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन अतिथि व्याख्याता विनोद जायसवाल, प्रशिक्षण प्रभारी अनिल जगत, जीवन सिंह मरकाम, पवन पैकरा, मनोहर पैकरा, ओंकार साहू, कुमुदिनी राम की उपस्थिति में किया गया।

समूचे राष्ट्र के लिए तैयार एकीकृत नवीन पाठ्यपुस्तक की बुनियादी भाषा और संख्या ज्ञान की बारीकियों एवं बच्चों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया था। प्रथम दिवस एफएलएन की अवधारणा एवं एनसीईआरटी की पुस्तकों से परिचय द्वितीय दिवस एलएसआर डब्ल्यूइ एल पी एस एंड प्रैक्टिकल सेशन, तृतीय दिवस आकलन एवं मूल्यांकन तकनीक के ज्ञान अन्तर्गत मासिक अर्द्धवार्षिक, वार्षिक मूल्यांकन, चतुर्थ दिवस कार्ड बेस्ट ट्रेनिंग सह प्रैक्टिकल सेशन पंचम दिवस निपुण भारत मिशन और भविष्य की रणनीति पर प्रशिक्षक श्रद्धा शर्मा, पुष्पलता भार्गव, राजकुमारी साहू एवं यामिनी दुबे ने बखूबी प्रकाश डालते हुए मनोरंजक वातावरण प्रदान किया। प्रशिक्षण की सतत मॉनिटरिंग डाइट से पाली ब्लॉक प्रभारी जसप्रीत फ़लोरा, नवीन पाठ्यपुस्तक डीआरजी ज्योति श्रीवास, उत्तरा साहू, लव कुमार चौहान विकासखंड पाली से सहायक खंड शिक्षाधिकारी मनीराम मरकाम, बीआरसी आरजी जायसवाल के द्वारा की गई। विभिन्न संकुल से पहुंचे शिक्षकों ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि प्रशिक्षण अत्यंत प्रभावशाली रहा। अंतिम में पारंपरिक नृत्य राउत नृत्य,पंथी नृत्य,सुवा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति से सभी अभिभूत हुए। कार्यक्रम का संचालन रवि चंद्रा ने एवं आभार जीवन सिंह मरकाम ने किया।

**खास बातें**
- बच्चों को प्रभावी ढंग से शिक्षित करने दिया गया प्रशिक्षण
- हर ब्लॉक में चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम



## मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

# मनरेगा की जगह नए कानून से गरीबों के रोजगार छीनने का मंडराया खतरा: कंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के समक्ष बैठक आयोजित कर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने बताया कि केन्द्र की भाजपा सरकार मनरेगा की जगह नया कानून लाकर व्हीबी जी राम जी कर दिया है। इस नये कानून से गरीबों के रोजगार के अधिकार छीन जाने का खतरा मंडरा रहा है। जबकि रोजगार के अधिकार मनरेगा के तहत करोड़ों ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिलता था।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह विकसित भारत जी राम जी करते हुए इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का काम किया गया है। श्री चौहान ने कहा कि लगभग 20 वर्ष पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह ने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए रोजगार के अधिकार योजना मनरेगा योजना को धरातल पर उतारा था। जिसका फायदा आर्थिक रूप से कमजोर करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिलते आ रहा था, पर मोदी सरकार को गरीब ग्रामीणों के रोजी-रोजी से तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से कोई सरोकार नहीं रहा है। पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कि कि मनरेगा योजना महात्मा गांधी के स्वराज के सपने का जीवंत रूप था। करोड़ों ग्रामीणों की जिंदगी का सहारा बना हुआ था। यह योजना कोविड काल में भी ग्रामीणों के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच साबित हआ था। मगर भाजपा सरकार को यह योजना पसंद नहीं आया, मोदी सरकार इस योजना का नामो-निशान मिटाने पर अमादा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, इंटक पदाधिकारी मनहरण राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, बसंत चंद्रा, पार्षद बद्री किरण, गीता गभेल, अनुज जायसवाल, सुभाष राठौर, अविनाश प्रेमलता बंजारे, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, मनकराम साहू, मस्तुल कंवर, सुरती कुलदीप, देवीदयाल सोनी, प्रदीप जायसवाल, संतोष लांझेकर, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष डॉ.एलपी साहू, जवाहर निर्मलकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मीनारायण देवांगन, ए डी जोशी, जे पी नामदेव, सचिव प्रमोद श्रीवास, गुड्डु थवाईत, एफ डी मानिकपुरी, पोषक दास महंत, भुनेश्वरी दास, राजेश्वर प्रसाद यादव, शांता मंडावे, द्रोपती तिवारी, संजू अग्रवाल, सुरेश पटेल, प्रवीण ओगरे, अमीन अंसारी, डॉ. डीआर नेताम सहित उपस्थित सभी कांग्रेसजनो ने एक स्वर में इस जनविरोधी बिल का विरोध किया और कहा कि आने वाले दिनों में हम गांव की गलियों से सांसद तक विरोध के आवाज बुलंद करेंगे। जैसे तीन काले कानून को मोदी सरकार वापस लेने को मजबूर हुए थे ठीक वैसे ही इस कानून को भी वापस लेने के लिए मोदी सरकार को मजबूर कर देंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया, नमन किया गया तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ किया गया। बैठक के अंत में सभी कांग्रेसजनों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन करते हुए सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

### महात्मा गांधी के विचारों से भाजपा को नफरत: सुरेन्द्र

इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से लगता है कि महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से मोदी सरकार को नफरत हो गई है, जो योजना करोड़ों गरीब ग्रामीणों के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह कारगार हो ऐसे लोक कल्याणकारी योजना के साथ छेड़छाड़ किया जाना यही सिद्ध करती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि यह नया बिल महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान है। मोदी सरकार ने पहले ही भयंकर बेरोजगारी से भारत के युवाओं का भविष्य तबाह कर चुके हैं और इस बिल से करोड़ो ग्रामीण गरीबों की सुरक्षित रोजी-रोटी को खत्म करने का जरिया बना रहे हैं।

# तेज रफ्तार स्कूटी हुई अनियंत्रित एक किशोर की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो छात्र अपनी स्कूटी में सवार होकर अपने गांव से समीप के गांव घूमने गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान उनकी तेज रफ्तार स्कूटी वाहन अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर गए। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आयी थी जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान एक छात्र की मौत हो गई है, जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है।

**खास बातें**
- करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांदापाली का मामला
- दोनों गांव के समीप स्थित पीड़िया गए थे, जहां से लौटते समय हुई घटना

मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांदापाली निवासी कमलेश रठिया 15 वर्ष पिता झंडा सिंह राठिया और उसका दोस्त विकेश रठिया विगत दिनों अपनी स्कूटी में सवार होकर अपने गांव के सीमा पर स्थित ग्राम पीड़िया गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान बीच रास्ते में ग्राम तुर्री कटरा के समीप उनकी स्कूटी वाहन अनियंत्रित हो गई और दोनों मोटरसाइकिल से नीचे गिर पड़े थे जिसके बाद कमलेश रठिया और विकेश रठिया को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। रविवार को इलाज के दौरान कमलेश रठिया की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरु कर दिया है।

### सड़क हादसे में घायल दूसरे व्यक्ति की मौत

कटघोरा थाना क्षेत्र के तानाखार मार्ग पर शनिवार को सड़क हादसा हुआ था। एक अल्टो कार और डीजल टैंकर की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अल्टो कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। हादसे में कार चला रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे, जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया था। बताया जाता है कि रविवार को हादसे में गंभीर रुप से घायल सूरजपुर निवासी तौकीर खान उम्र 24 वर्ष की भी इलाज के दौरान बिलासपुर में मौत हो गई है। जबकि एक व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि दूसरे व्यक्ति की मौत की अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है। मर्ग डायरी आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# चरित्र सत्यापन के नाम पर रिश्वत की डिमांड, प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक ने चरित्र सत्यापन के नाम पर एक युवक से रकम की डिमांड की थी। शिकायत सामने आते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिश्वत मांगने वाले प्रआर को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी दीपक साहू 21 वर्ष पिता गौरीशंकर साहू ने लिखित में शिकायत की थी कि चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन के नाम पर कार्यालय में उपस्थित एक व्यक्ति के द्वारा उनसे एक हजार रूपये की मांग की गई है, जिसे देखकर पहचान लेगा, लेख किया गया है। शिकायत की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए शिकायत पत्र की जांच उप निरीक्षक प्रमोद चंद्राकर से कराई गई। जांच के दौरान दीपक ने अपने कथन में बताया कि चरित्र सत्यापन के नाम पर डीएसबी शाखा में पदस्थ प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी के द्वारा एक हजार रूपये की मांग की गई है। प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी जो कि अनुशासित विभाग का सदस्य है। विभागीय नियमों, निर्देशों की भलीभांति जानकारी होने के बावजूद भी चरित्र सत्यापन कार्य में अवैध रकम की मांग करना पुलिस सेवा आचरण नियम के प्रतिकूल, कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता, कर्तव्यविमुखता, स्वेच्छाचारिता एवं संदिग्ध कार्यशैली प्रदर्शित करने के लिये प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी को निलंबित कर दिया गया है।

**खास बात**
- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के ढोढ़ीपारा निवासी युवक ने की शिकायत

# न्याय पाने की आस में भूविस्थापितों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक प्रगति की चकाचौंध के बीच अपने पूर्वजों की जमीनों से बेखर हजारों परिवारों की पीड़ा एक बार फिर प्रशासन के द्वार तक पहुंची है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के कार्यभार संभालते ही ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर जिले के भूविस्थापितों की दशकों पुरानी लंबित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

उल्लेखनीय है कि कि एसईसीएल, एनटीपीसी, सीएसईबी और बालको जैसे बड़े औद्योगिक घरानों की स्थापना के लिए स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासियों ने अपनी पूर्वजों की पैतृक भूमि का त्याग किया था। समिति ने कलेक्टर को अवगत कराया कि वर्तमान में यह परिवार न केवल अपनी पहचान खो चुके हैं, बल्कि रोजगार, उचित पुनर्वास और बुनियादी नागरिक सुविधाओं (बसाहट) के अभाव में एक अनिश्चित भविष्य से जूझ रहे हैं। समिति ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि विस्थापन से संबंधित जटिल शिकायतों की त्वरित समीक्षा के लिए एक विशेष सेल का गठन किया जाए। इसके साथ ही प्रभावितों की सीधी सुनवाई के लिए विशेष जनसुनवाई आयोजित करने का भी प्रस्ताव दिया गया है। समिति का मानना है कि जिला प्रशासन को औद्योगिक प्रबंधनों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विस्थापितों को उनका वाजिब हक दिलाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने कहा कि मूलभूत अधिकारों और सुविधाओं के अभाव में जिले के आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और विशेष रूप से युवाओं के बीच गहरा आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए जिलाधीश के संवेदनशील और कुशल नेतृत्व में न केवल जिले का विकास होगा, बल्कि विकास की बलि चढ़े मूल निवासियों को भी न्याय मिलेगा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में विजयपाल सिंह तंवर, रुद्रदास महंत, अनुसुईया राठौर, संतोष कुमार चौहान, श्रीकांत सोनकर एवं ललित महिलांगे सहित अन्य उपस्थित रहे।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भूविस्थापित।

### महुआ पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत

**कोरबा।** विगत दिनों एक अधेड़ व्यक्ति महुआ पेड़ पर लकड़ी काटने के लिए चढ़ा हुआ था। जहां पैर फिसलने की वजह से पेड़ उपर से नीचे गिर गया जिससे उसे गंभीर चोट लगी। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला सक्ति के नगरदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली कला निवासी सुरेश कुमार 41 वर्ष पिता रमेशलाल सिदार 17 दिसंबर की दोपहर गांव के समीप स्थित महुआ पेड़ पर लकड़ी काटने के लिए चढ़ा हुआ था। जहां लकड़ी काटने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान सुरेश कुमार की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कोरबा विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

# भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी, हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़: केशरवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करना होगा। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उक्त बातें जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी ने कोरबा विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक के दौरान कही। यह बैठक जिले के नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। बैठक में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं पूर्व महापौर जोगेश लांबा उपस्थित रहे। इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए वरदान है। सभी कार्यकर्ता स्वयं इस योजना का लाभ लें और आम जनता को भी प्रेरित करें, जिससे बिजली बिल में राहत के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा की भावना से कार्य करता है। संगठनात्मक एकजुटता, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कोरबा विधानसभा में भाजपा को और सशक्त बनाने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुटे रहें। जिला सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर पर सक्रियता से आती है। कार्यकर्ताओं को नियमित बैठक, प्रशिक्षण और जनसंवाद के माध्यम से जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना होगा। बैठक में एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, अशोक चावलानी, जिला महामंत्री संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, अजय विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, लक्की नंदा, प्रफुल्ल तिवारी, नवीन अरोरा, कमला बरेठ, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, अजय चन्द्रा, मंडल अध्यक्ष योगेश जैन, डिलेन्द्र यादव, डॉ. राजेश राठौर, मनोज लहरे, मनीष मिश्रा, प्रीति स्वर्णकार, सरजू अजय, प्रदीप सिंह, उदय श्रीवास्तव, नीरज ठाकुर, राकेश नागरमल अग्रवाल, सूरज पांडेय, प्रकाश अग्रवाल, राजेश लहरे एवं संजीव कुमार शर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान उपस्थित अतिथि एवं भाजपा पदाधिकारी।

# सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान का हुआ आयोजन

**बरपाली।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के तत्वावधान में सुशासन सप्ताह– प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन 19 से 25 दिसंबर तक किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी से सुशासन को सुदृढ़ करना तथा ग्रामीण स्तर पर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है तथा सभी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर जनता को जागरूक करना है। इसी तारतम्य में जिले के सभी जनपदों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त शिकायतों, मांगों एवं उनके निराकरण की जानकारी प्रतिदिन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। जनपद पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी शिविरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीईओ जिला पंचायत कोरबा दिनेश कुमार नाग ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करें तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करते हुए इस कार्यालय को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं।

## खबर संक्षेप

### दो बाइकों की टक्कर दंपती सहित तीन की मौत

**रायगढ़।** जिले के तमनार थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दंपती सहित तीन लोगों की मौत हो गई। दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में यह हादसा हुआ, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम टपरंगा निवासी कांशीराम भुईहर (60) अपनी पत्नी द्रोपती भुईहर (58) के साथ बाइक से बेटी के घर गिरसिमा गए हुए थे। शुक्रवार शाम दोनों अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान टांगरघांट और डूमरघुचा के बीच सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कांशीराम भुईहर को सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल द्रोपती भुईहर को तमनार अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां मातम का माहौल बन गया। इसके अलावा दुर्घटना में दूसरी बाइक पर सवार युवक को भी सिर, हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। जिसे उसके परिजनों के द्वारा बेहतर इलाज के लिए ओडिशा के अस्पताल लेकर गए, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तमनार पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग पंचनामा की कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है।

### लल्लू सिंह कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित

**रायगढ़।** किसान नेता लल्लू सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों की वजह कांग्रेस से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी के द्वारा जारी किए निष्कासन आदेश में कहा कि 1 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा व अधिकृत निर्णय के विरुद्ध सोशल मीडिया में पार्टी विरोधी पोस्ट करने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था लेकिन उनके द्वारा समय सीमा में स्पष्टीकरण नहीं दिया गया।

### घरघोड़ा में शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**घरघोड़ा।** विकास खंड स्कूली शिक्षा बिभाग अंतर्गत गणित हिंदी पढ़ाने वाले माध्यमिक खंड के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केंद्र घरघोड़ा में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रशिक्षकों द्वारा भाषायी दक्षता को छात्र प्राप्त करते हुए पाठ्यवस्तु एवं अन्य पठन सामग्री को पढ़ने योग्य एवं नवीन पाठ्य पुस्तकों के गणितीय सवालों को शिक्षक विद्यार्थियों के समक्ष सरल विधि से हल कर सके। इस संबंध में प्रमुख प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षकों से चर्चा परिचर्चा की। विकास खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक मनोज प्रधान के मार्गदर्शन मे प्रशिक्षक हरीश चंद्र साव किशोर देवांगन किशन रात्रे श्याम सुन्दर राठिया हिंदी विषय एवं कार्तिक साहू जाऊ सुनहरे पन्ना लाल कश्यप गणित विषय ने उत्साह एवं सुव्यवस्थित रूप से शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया द्यशिक्षकों ने भी कार्यक्षेत्र मे बेहतरीन ढंग से अपने विषयों मे छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने की बात कही। प्रशिक्षण के दौरान अंतिम दिवस शिक्षक विजय पंडा द्वारा आठवीं बोर्ड परीक्षा पूर्व शासन द्वारा निर्धारित ब्लु प्रिंट के आधार पर एवं शिक्षण की प्रमुख रुपरेखा शिक्षक डायरी लेखन संबंधित विचार प्रस्तुत किया गया।

### चेक डेम निर्माण कार्य में हो रहा भारी भ्रष्टाचार

**सारंगढ़।** सारंगढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रामटेक के आश्रित ग्राम गंधाराचुआ में जहां नरेगा कार्य के अंतर्गत भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। जंगली पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है और बिना सीमेंट, बिना गिट्टी के पत्थर को रख दिए हैं। जिससे साफ पता चल रहा है कि शासन के राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। कमाई का जरिए बना चेक डेम निर्माण कार्य जब इस संबंध में महेश्वर मनोहर तकनीकी सहायक को दूरभाष के माध्यम से कॉल किया गया तो उनका कहना था कि मैं देखता हूं जाकर। जंगली पत्थरों का उपयोग करना तो गलत है मैं मास्टर का रोल मूल्यांकन सत्यापन नहीं करूंगा।

## गणित सार्वभौमिक है चाहे वह रसोई हो या व्यापार : अमरेंद्र

# एनईएस कॉलेज में मना राष्ट्रीय गणित दिवस





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर नगर में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के वित्तीय सहयोग से एवं महाविद्यालय के गणित विभाग के तत्वाधान में आयोजित 'राष्ट्रीय गणित दिवस उत्सव 2025' का आज भव्य समापन हुआ. 16 दिसंबर से शुरू हुए इस छह दिवसीय आयोजन ने छात्रों को गणित की गहराई और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता से रूबरू कराया।

उत्सव का आगाज 16 दिसंबर को मुख्य अतिथि प्रोफेसर पीपी सिंह (पूर्व कुलपति, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय) और प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। डॉ. पीपी सिंह ने गणित और विज्ञान के अंतर्संबंधों पर विशेष व्याख्यान दिया और शोध के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में गणित को दर्शनशास्त्र से जोड़ा, उन्होंने कहा, ₹जीवन अनिश्चित है और हमें शून्य से शुरुआत करनी पड़ती है। गणित सार्वभौमिक है चाहे वह रसोई हो, व्यापार हो, तकनीक हो या स्वास्थ्य।₹ उन्होंने हैरोड-डोमर मॉडल जैसे जटिल सिद्धांतों को भी सरल रूप में समझाया। रिसोर्स पर्सन प्रो.लक्ष्मण प्रजापति ने श्रीनिवास रामानुजन, श्रीधराचार्य और वशिष्ठ नारायण सिंह के जीवन संघर्ष और गणितीय योगदान पर प्रकाश डाला, साथ ही बताया कि किन सामान्य तरीकों से गणित के कठिन से समस्या का निराकरण कर सकते है जो छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ.सरिता निकुंज ने पूरे सप्ताह चले इस शैक्षणिक महाकुंभ की रूपरेखा तैयार करने और इसके सफल क्रियान्वयन में मुख्य भूमिका निभाई। उनके कुशल प्रबंधन में ही विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे गणितीय दक्षता, पोस्टर, रंगोली और मॉडल मेकिंग का निष्पक्ष और व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित हो सका। शैक्षणिक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमंह विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता के साथ भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में अभिलाषा तिर्की (एमएससी तृतीय सेमेस्टर, गणित) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सुरेश राम एवं अमन फिलिप्स एक्का ( एमएससी तृतीय सेमेस्टर) को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ, जबकि तृतीय स्थान शंभू सिंह (एमएससी तृतीय सेमेस्टर), रवि नायक (एमएससी तृतीय सेमेस्टर) एवं रूपा निषाद (बी.एससी. द्वितीय सेमेस्टर) ने संयुक्त रूप से अर्जित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में सलोनी जाटवार (एमएससी तृतीय सेमेस्टर, गणित) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान संतोषी बाई (एम.एससी. तृतीय सेमेस्टर, गणित) को प्राप्त हुआ, जबकि तृतीय स्थान चांदनी बाई (एमएससी तृतीय सेमेस्टर, गणित), संजना प्रजापति (एमएससी प्रथम सेमेस्टर, गणित) एवं सुरेश राम (एमएससी तृतीय सेमेस्टर, गणित) ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। गणितीय अभिरुचि परीक्षण में सुमित्रा बाई (एमएससी तृतीय सेमेस्टर, गणित) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान स्नेहा गुप्ता (एम.एससी. प्रथम सेमेस्टर, गणित) एवं राहुल कश्यप (बीए तृतीय वर्ष) को संयुक्त रूप से मिला, जबकि तृतीय स्थान संजना प्रजापति (एम.एससी. प्रथम सेमेस्टर, गणित) ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में अंजीता साहू, सलोनी जाटवार एवं नीलम यादव ( एमएससी तृतीय सेमेस्टर, गणित) की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अदिति वर्मा, रानी रोहिणी निराला, रोशनी नायक एवं आशा टोप्पो ( बीएससी तृतीय वर्ष) की टीम को मिला, जबकि तृतीय स्थान बिनीता भगत, रिचा पैंकरा एवं दीपांजलि टोप्पो ( एमए समाजशास्त्र) की टीम ने प्राप्त किया। मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में एमएससी तृतीय सेमेस्टर, गणित की टीम सुमित्रा बाई, अभिलाषा तिर्की, शंभू सिंह, प्रांशु गुप्ता एवं यशवंत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान एम.एससी. प्रथम सेमेस्टर, गणित की टीम स्नेहा गुप्ता, लक्ष्मी जगत, उर्वशी सिंह, नमिता रावना, संजना प्रजापति एवं प्रिया यादव को प्राप्त हुआ। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से एमएससी प्रथम सेमेस्टर, गणित के विद्यार्थी असित टोप्पो, आराधना एक्का, दीपका बाई, दीपाली सिंह एवं धीरजमुनी बाई, तथा एमएससी तृतीय सेमेस्टर, गणित के विद्यार्थी चांदनी बाई, संतोषी बाई, बबीता, सुरेश राम एवं संजू राम ने प्राप्त किया। इन सभी प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक दक्षता, रचनात्मकता, तार्किक क्षमता एवं टीम भावना को सुदृढ़ करने का सफल प्रयास किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक डॉ हरिकेश कुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर गौतम सूर्यवंशी ने किया। इस पूरे उत्सव को सफल बनाने में गणित विभाग के अतिथि व्याख्याता अजय राजवाड़े और किरण राजवाड़े की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर प्रो ज्योति तिर्की विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र, प्रो. प्रवीण सतपति विभागाध्यक्ष वाणिज्य, अंजिता कुजूर विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लिकेशन, अतिथि विद्वान अलका सिंह, विद्यावती भगत एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## गुरूघासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर आज गुरु घासीदास पुष्प वाटिका ज्ञानस्थली, सारंगढ़ में भव्य एवं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सतनामी विकास परिषद के अध्यक्ष बीडी भारद्वाज तथा सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता सिंह, पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, पूर्व विधायक डॉक्टर छबिलाल रात्रे, पूर्व विधायक सुश्री कामदा जोल्हे, पूर्व विधायक केराबाई मनहर विशेष रूप से शामिल हुईं।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े ने मंच से उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों का जय सतनाम, जय भीम के गगनभेदी नारों के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी इस पावन ज्ञानस्थली में गुरु घासीदास जी की जयंती के साथ साथ रजत जयंती समारोह मना रहे हैं। उन्होंने सतनामी समाज की वर्षों पुरानी मांग को रखते हुए कहा कि गुरु घासीदास पुष्प वाटिका ज्ञानस्थली को सतनामी विकास परिषद के नाम किया जाना चाहिए, जिससे इस स्थल का समुचित विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर विधायक उत्तरी जांगड़े ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मंच से सारंगढ़ जिले की बहुप्रतीक्षित एवं जनहित से जुड़ी मांगों की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद सारंगढ़ को जिला का दर्जा मिला है, जिससे क्षेत्रवासियों में विकास की नई उम्मीद जगी है। हालांकि, वर्षों से चली आ रही रायपुर सारंगढ़ झारसुगुड़ा रेल लाइन की मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री स्वयं चार बार सांसद रह चुके हैंए ऐसे में जनता को उनसे विशेष अपेक्षा है कि वे इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना को स्वीकृति दिलाने के लिए ठोस पहल करेंगे।

इसके साथ ही विधायक ने सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चार महत्वपूर्ण सड़कों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि इन सड़कों को पूर्व में स्वीकृति मिलने के साथ बजट में शामिल किया गया था, बावजूद इसके अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इन सड़कों के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा एवं विकास की सौगात दी जाए। विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े ने कहा कि नवगठित सारंगढ़ जिले के समग्र विकास की जिम्मेदारी अब प्रदेश सरकार की है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले को विकास की नई दिशा और गति अवश्य मिलेगी।

**सीएम ने कहा जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है**

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास द्वारा दिए गए सत्य, अहिंसा और मानवता के संदेश आज भी समाज को समानताए सद्भाव और सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सर्वांगीण विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सतनामी विकास परिषद के पदाधिकारी, समाज के अधिकारी कर्मचारी, पत्रकार साथी, जिला प्रशासन तथा समाज के बड़ी संख्या में भाई बहन उपस्थित रहे। समारोह श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

## तमनार में सैकड़ों लोग गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ में हुए शामिल

**तमनार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 21 दिसम्बर रविवार को गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ में तमनार के 108 से अधिक घरो में एक साथ यज्ञ हवन पूजन उपासना किया गया। 21 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे गायत्री मन्दिर तमनार में दीप प्रज्वलन कर रायगढ़ जिले के सभी ब्लाको से पधारे आचार्यो द्वारा विभिन्न टोलियो बनाकर 11:30 बजे से सभी परिजनों एवं धर्मशील भाइयों बहनों द्वारा अपने घर पर एक साथ यज्ञ किया गया। बता दें कि कोई भी कार्य एक साथ मिलकर, एक समय में, एक भाव से करने पर उसका परिणाम कई गुना बढ़ जाता है। संघ की शक्ति, दुर्गा शक्ति परमपिता परमेश्वर से की गयी सामूहिक प्रार्थना को सुनते है एक साथ, एक समय,एक भाव के साथ वैश्विक महामारी का विनाश, विश्व में सुख-शांति- सद्बुद्धि एवं सभी स्वस्थ रहें, हमारी प्रतिरोध क्षमता बढ़े कामना की गई। गाय का घी संमिधा हवन के लिए लकड़ी आम पीपल खाकरा बड़ एवं गो गोबर के कंडे छाणे का उपयोग किया गया।



## शंकराचार्य पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन

**खरसिया।** दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुए शंकराचार्य पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में आकर्षक साज-सज्जा, शानदार लाइटिंग और बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रीमती शिखा गवेल, नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, एसडीएम प्रवीन तिवारी, एसडीओपी प्रभात पटेल, स्कूल के ट्रस्टी एवं चेयरपर्सन, प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं भारी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। समारोह के दौरान बच्चों द्वारा जागरूकता, देशभक्ति, राधा-कृष्ण लीला, वीरों की गाथा तथा छत्तीसगढ़ी सहित विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुत नृत्यों को सराहा गया। मंच से यह जानकारी भी दी गई कि अब कक्षा 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई स्कूल में ही संचालित होने से बच्चों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे अभिभावकों में विशेष उत्साह और संतोष देखने को मिला। इस अवसर पर गुरु शंकराचार्य समिति के संरक्षक एवं संस्थापक गिरधर गुप्ता ने कहा कि सत्र 2026–27 से खरसिया के विद्यार्थियों के लिए सीबीएसई इग्लिंस मीडियम में शंकराचार्य पब्लिक स्कूल में कक्षा XI एवं XII की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिससे क्षेत्र के बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही नगर में प्राप्त हो सकेगी। नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग द्वारा स्कूल को 50 डिसमिल भूमि प्रदान किए जाने को शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और सराहनीय योगदान बताया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्कूल के अनुशासित वातावरण, बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास की खुलकर प्रशंसा की।



## बरमकेला में चार घंटा बिजली गुल, लोग हुए परेशान

**बरमकेला।** बरमकेला मे रविवार के दिन सुबह 11 बजे से लेकर लगभग दोपहर के 2 बजे तक मेंटेनेंस कार्य के नाम पर बिजली गुल रही जिसकी सूचना नगर वासियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा।

बरमकेला नगर में बीना सूचना बिजली कटौती से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। घंटों बिजली नहीं रहने से कई मोहल्लों में जलापूर्ति और विभिन्न प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ा। रविवार होने की वजह से और समस्या। रविवार होने की वजह से आज के ही दिन अधिकतर लोग अपना हफ्ते भर का कार्य जैसे कपड़े धोना एघर कीएवाहनो की साफ सफाई एव अन्य विभिन्न कार्य करते है लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना के इस प्रकार अचानक से बिजली कटौती के कारण लोगो को समस्याओं का सामना करना पड़ा पहले होती थी मुनादी बहुत समय से नही हो रही है। पहले जब भी मेंटेनश कार्य के लिए इस प्रकार की बिजली कटौती विभाग के द्वारा की जाती थी तो उसकी मुनादी नगर मे कराई जाति थी ताकि लोगो को पहले से पता हो जिससे वो उसी के हिसाब से अपना कार्य करते थे लेकिन कुछ समय से मुनादी का कार्य नही किया जा रहा है जिससे की हमेशा बिजली कटौती के बाद लोगो को समस्या हो रही है। कुछ लोगो को मिली वाट्सअप के माध्यम जानकारी मिली जानकारी के अनुसार कुछ लोगों तक बिजली कटौती की खबर सुबह वाट्सअप के माध्यम से मिली यह भी कुछ सिमित लोगो तक जबकि बरमकेला की जनसंख्या का 60 प्रतिशत हिस्सा किसी इस प्रकार के ग्रुप मे एड नही होने के कारण इस जानकारी से वँचित रह गया क्या इस प्रकार की खानापूर्ति के लिए सूचना देना कितना वाजीब है। इस संबंध में बरमकेला सीएसपीसीडीएल के जेई एकता मैडम ने कहा कि प्रकाश ऐप में सूचना डाली गई है, मुनादी के बारे में मुझे भी जानकारी नहीं है अभी मै नई-नई आई हूं।




### बंगुरसिया में 30 हाथियों का दल कर रहा विचरण

**रायगढ़।** रायगढ़ वनमंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र रायगढ़ के बंगुरसिया वन क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से लगभग 30 हाथियों का दल विचरण कर रहा है,जिसे लेकर वन विभाग अलर्ट मोड पर है। ज्ञात हो कि 19 दिसंबर की रात हाथियों का एक दल बंगुरसिया गांव के आसपास तथा बड़झरिया तालाब क्षेत्र में देखा गया, जहां हाथी सुबह तक मौजूद रहे। इसके पश्चात हाथियों का दल घने वन क्षेत्र की ओर चला गया। अगले दिन वन विभाग के अधिकारियों द्वारा तालाब के समीप निरीक्षण किए जाने पर एक लगभग छह माह का नर हाथी शावक मृत अवस्था में पाया गया। इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। सुरक्षा के दृष्टिगत मृत शावक का शव विच्छेदन कर उसे इंदिरा विहार, रायगढ़ लाया गया, जहां पशु चिकित्सा अधिकारी रायगढ़ की टीम की उपस्थिति में वन कर्मचारियों के समक्ष शव परीक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई।

## डीएवी पब्लिक स्कूल छाल में वार्षिकोत्सव की धूम, छात्रों ने अपनी प्रतिभा से मोहा मन

**नवापारा/छाल।** स्थानीय डीएव्ही पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। विद्यालय के प्राचार्य के. डी. शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल की शैक्षणिक और खेल उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और अतिथियों का स्वागत किया।

सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत विविध कार्यक्रम रहे। नन्हे मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के छात्रों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। देशभक्ति गीतों पर आधारित समूह नृत्य ने जहां दर्शकों में जोश भर दिया] वहीं विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत कर दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटकों के माध्यम से समाज को सार्थक संदेश भी दिए गए। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एके चौबे, उपक्षेत्रीय प्रबंधक ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में राजकुमार शर्मा, प्राचार्य डीएव्ही पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलाईपाली घरघोड़ा, संगीता सिंह, संस्था प्रमुख, डीएव्ही पब्लिक स्कूल मोनेट नहरपाली, संदीप पटेल, संस्था प्रमुख, डीएव्ही पब्लिक स्कूल खमरिया, बलौदा बाज़ार, जेसीसी सदस्य सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन ने सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी।



## पृष्ठ 1 का शेष

### जशपुर में बनेगा ...

परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जमीनी स्तर पर कार्यरत कृषि कर्मियों एवं कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के सहयोग लेने की बात कही। साथ ही एफआरए (फार्मर रिलेशन एजेंसी) के माध्यम से किसानों में जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया। समृद्धि एमसीएडी परियोजनाः हर बूंद का बेहतर उपयोग, किसानों की बढ़ेगी उत्पादकता। समृद्धि योजना के अंतर्गत जशपुर जिले की मैनी नदी पर प्रस्तावित बगिया बैराज सह दाबित उद्वहन सिंचाई योजना के के संबंध में समृद्धि के स्टेट नोडल ऑफिसर आलोक अग्रवाल ने बताया कि एमकैड कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के शक्ति मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2025 में किया गया था।

### दमेरा पर्यटन स्थल ...

समाज युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि युवा शक्ति के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने पर्यटकों से भी अपील की कि वे प्राकृतिक स्थलों पर प्लास्टिक और अन्य कचरा न फैलाएं। इस अभियान में मुख्य रूप से रा.स.यु.मो.छ. के प्रदेश कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, जय देव प्रताप सिंह, विवेक राम, सागर सिंह, संतोष सिंह,गोविंद राम, आराधना सिंह, शशि साय अनिल सिंह, बजरंग राम, हुकुमचंद सिंह सहित रौतिया समाज के अनेक सक्रिय कार्यकर्ता और स्थानीय एवम अन्य युवा प्रमोद साय, शोभनाथ राम, सूखनाथ राम आदि उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर दमेरा शिव मंदिर, जलप्रपात और आसपास के वन क्षेत्रों से प्लास्टिक की बोतलें, पॉलिथीन और अन्य अपशिष्ट एकत्र किए। संगठन ने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यों को जारी रखने का निर्णय लिया है।

### सीएम ने कुनकुरी...

67 लाख रुपए की मंजूरी दी है,इस भवन में कला, संस्कृति और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए नगर को मिलेगा पहला बड़ा बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम का लाभ मिलेगा। नालंदा परिसर विस्तार 250 सीटर के लिए 4 करोड़ 37 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है, शिक्षा के क्षेत्र में मजबूती लाने हेतु नालंदा परिसर का विस्तार, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। नगर के यातायात को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए हाई-टेक बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा,इसके लिए 7 करोड़ 26 लाख रुपए की मंजूरी मिली है।जिससे यात्रियों की सुविधा और नगर के यातायात ढांचे सुदृढ़ होगी।नगर में रिक्रिएशन चिल्ड्रन पार्क का निर्माण किया जा रहा है,जिसकी लागत 1 करोड़ 2 लाख रुपए की मंजूरी मिली है,नगर में एलईडी स्ट्रीट लाइट एवं अन्य विकास कार्यों के लिए 6 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है,जिससे नगर के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक एलईडी स्ट्रीट लाइट एवं अन्य विकास कार्य किए जायेंगे।इससे बच्चों के मनोरंजन, सुरक्षित खेल और नगर में बेहतर रात्रिकालीन रोशनी की व्यवस्था होगी। विकास से बदलेगी कुनकुरी की पहचान,नगर वासियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार इन योजनाओं के माध्यम से कुनकुरी नगर अब स्मार्ट सुविधाओं, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, सशक्त शिक्षा, आधुनिक यातायात और समृद्ध सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ एक आदर्श नगर के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में कुनकुरी नगर विकास, विश्वास और भविष्य की नई मिसाल बन रहा है। वहीं कुनकुरी नगर वासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

### मनरेगा के नाम...

जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव, आशिका कुजूर, मनोज तिवारी, अजय टोप्पो सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अनोज गुप्ता, जशपुर ब्लाक अध्यक्ष सहस्त्रांशु पाठक, ब्लाक अध्यक्ष ग्रामीण मनमोहन भगत,मनोरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष परमेश्वर भगत, चांद खान, अफताब खान, अनिल किस्पोट्टा, अमित महतो, मोहनीस साहू सहित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लालपुर में अवैध महुआ शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माणए भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने थाना तमनार अंतर्गत ग्राम लालपुर में अवैध महुआ शराब की बड़ी खेप जप्त की है।

आबकारी विभाग को प्राप्त शिकायत के आधार पर 19 दिसम्बर को आबकारी वृत्त घरघोड़ा की टीम ने ग्राम लालपुर निवासी हीरालाल कालंगा, पिता रामलाल कालंगा के कब्जे से कुल 18.200 लीटर महुआ शराब बरामद की। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 3,640 रुपए आंका गया है।



आबकारी विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) एवं 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक सुश्री रागिनी पटेल एवं कुशल पटेल, मुख्य आरक्षक राजेश्वर ठाकुर तथा आबकारी आरक्षक लाकेश नेताम, प्रवीण जांगड़े एवं कुमारी अनिशा तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही।